श्री बंशीधर नगर मंगलवार
23.06.2026
ज्येष्ठ शुक्लपक्ष नवमी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 300



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:08 बजे
अस्त - 06:35 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 43 डिग्री से.
न्यूनतम : 28 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

निर्माण कार्यों की होगी नियमित मॉनिटरिंग : डीसी >> पेज 03 फिल्म 'बेबी डू डाई डू' का ट्रेलर रिलीज >> पेज 05

### सुविचार

अपनी अंतरात्मा पर भरोसा रखें। आपकी गलतियां किसी और की होने के बजाय आपकी अपनी होनी चाहिए

### न्यूज अपडेट्स

### पहली बार होगी मैट्रिक-इंटर की विशेष परीक्षा

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) राज्य में पहली बार मैट्रिक और इंटरमीडिएट की विशेष परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। इसके साथ ही वर्ष 2026 की इंप्रूवमेंट (समुन्नत), कंपार्टमेंटल (संपूरक) और विशेष परीक्षा को लेकर परिषद ने सोमवार को दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। जैक की ओर से जारी सूचना के अनुसार, वर्ष 2026 की मैट्रिक और इंटर परीक्षा में उत्तीर्ण, अनुत्तीर्ण और आवेदन जमा करने से वंचित रह गए विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा। इच्छुक छात्र-छात्राएं डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट जैक डॉट झारखंड डॉट जीओवी डॉट आईएन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन पूर्व में जारी यूजर आईडी और पासवर्ड के जरिए जमा होगा। इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए विषयों की कोई बाध्यता नहीं रखी गई है। विद्यार्थी चाहें तो सभी विषयों की या केवल उन विषयों की परीक्षा दे सकते हैं जिनके प्राप्तांकों से वे संतुष्ट नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान राष्ट्रीय स्तर की स्कूली खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही थीं। जानकारी के अनुसार, अंडर-17 और अंडर-19 राष्ट्रीय फुटबॉल और हॉकी टीमों के लिए चयनित कुछ विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे।

**दर्दनाक हादसा** ▶ **लखनऊ के कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग**

# 15 छात्रों की दर्दनाक मौत

### मुख्यमंत्री योगी ने घायलों के परिजनों से की मुलाकात, कहा- दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के अलीगंज थानाक्षेत्र स्थित एक बिल्डिंग में लगी आग की चपेट में कोचिंग सेंटर आ गया। इस हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। इस बीच घटना में मृत लोगों की एक सूची भी सोशल मीडिया में वायरल हो रही है, जिसमें 15 लोगों की मौत का जिक्र किया गया है। हालांकि केजीएमयू के प्रवक्ता ने भी 14 लोगों के मरने की बात कही है, जबकि राज्य सरकार के दो मंत्री पत्रकारों से इस हादसे में 15 लोगों की मौत की बात कह रहे हैं। हालांकि अधिकारिक बयान और उनकी ओर से जारी सूची के बाद ही मौतों की सही जानकारी हो सकेगी। इधर, घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाइवे लेवल मीटिंग की है।

प्रदेश सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना और एके शर्मा ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। सुरेश खन्ना ने पत्रकारों से कहा कि इस घटना में 15 लोगों की जान गई है। जान बचाने के लिए कुछ बच्चे केबिल तार के जरिए छत से कूद गये, जिन्हें चोट लगी है। उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

मंत्री एके शर्मा ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि मामले की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। आग तेजी से कोचिंग सेंटर में फैल गई थी। बच्चों ने नीचे उतरने की कोशिश की, लेकिन उतर नहीं पाये। हादसे में 15 बच्चों की मृत्यु हुई है ज्यादातार मौते दम घुटने की वजह से हुई है। सात घायलों में से पांच बच्चे स्वस्थ्य होकर घर जा चुके हैं। एक बच्ची समेत दो लोग केजीएमयू में भर्ती है। छत से कूदने वाले बच्चे की रीढ़ में चोटें आई हैं, जिसका ऑपरेशन हो रहा है। जिन बच्चों ने जान गवाई है, ईश्वर उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। मंत्री ने कहा कि फायर बिग्रेड की रिपोर्ट के अनुसार ऐसी में ब्लॉस्ट की वजह से आग लगने की बात सामने आई है। हालांकि जांच चल रही है इसके बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

इस घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीच में ही अपना अलीगढ़ दौरा रद्द करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण करने के पहुंच गए। उन्होंने घटना का मौका मुआयना करने के बाद केजीएमयू पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। घायलों को बेहतर इलाज मिले इसके लिए उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने घायलों के परिवार से आश्वस्त किया है कि इस दुख की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कर्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवार को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया है। साथ ही साथ उन्होंने इस पूरे मामले में जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। घटना की उच्चस्तरीय जांच के लिए हाईलेविल मीटिंग की है, जिसमें मुख्यमंत्री सख्त तेवर दिखाए हैं।

उल्लेखनीय है कि अलीगंज के पुरनियां में जिस बिल्डिंग में आग लगी है उसके प्रथम तल पर पेट शॉप और दूसरे तल पर कोचिंग सेंटर है। इसके अलावा लाईब्रेरी, गेमिंग जोन भी है। सोमवार दोपहर को आग पेट शॉप में लगी थी, जिसके बाद विकराल रूप लेकर दूसरे तल पर बनी कोचिंग सेंटर में फैल गई। आग और धुआं को फैलता देखकर कोचिंग में मौजूद छात्र-छात्राओं ने अपनी जान बचने के लिए बाथरूम और कमरों में छिप गये। कुछ लोगों ने तो दीवार से गुजर रही केबिल से उतरे तो कुछ छत से ही कूद गये, जिसमें उन्हें चोटें आई हैं। इस बीच आग लगने की सूचना पाकर एनडीआरएफ-एसडीआरएफ और फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया। कमरे में फैली आग और दीवारें धधक रही थी। कर्मचारियों ने इमारत की दीवारों को तोड़कर राहत बचाव कार्य करते हुए इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। कुछ की हालत गंभीर होने पर केजीएमयू में रेफर किया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने घटनास्थल से कई शवों को बाहर निकाले, जिनके पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

## कतर में गैस डिस्ट्रीब्यूशन स्टेशन पर धमाका, 13 लोगों की मौत, 66 घायल



**दोहा।** कतर के औद्योगिक शहर रास लाफान में एक गैस डिस्ट्रीब्यूशन स्टेशन पर हुए धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई, जिनमें भारत और पाकिस्तान के नागरिक भी शामिल हैं। इस घटना में 66 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें अफ्रीकी देशों के नागरिक भी शामिल हैं। कतर के ऊर्जा राज्य मंत्री साद बिन शेरिदा अल काबी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कतर के गृह मंत्री ने बताया कि रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी में बरजान लोकल गैस सप्लाई फैसिलिटी में एक तकनीकी खराबी के कारण अंदरूनी धमाका हुआ, जिसमें कई लोग घायल हो गए। मंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, इस दुखद घटना में भारत और पाकिस्तान के हमारे 13 कर्मचारियों की जान चली गई। 66 अन्य कर्मचारी घायल हुए हैं और अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत चिंताजनक नहीं है। उन्होंने बताया कि घायलों में कतर के नागरिकों के साथ-साथ एशियाई और अफ्रीकी देशों के लोग भी शामिल हैं।

मंत्री ने यह भी कहा कि धमाके का संबंध किसी सैन्य कार्रवाई या तोड़-फोड़ से नहीं है। उन्होंने कहा, बरजान गैस डिस्ट्रीब्यूशन स्टेशन पर हुई इस घटना का पर्यावरण पर कोई बुरा असर नहीं पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि धमाके से निर्यात की मात्रा या स्थानीय आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा।

हालांकि मंत्री ने यह बताने में असमर्थता जताई कि संयंत्र को कब तक फिर से चालू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी नुकसान का पूरा आकलन करना जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि यह संयंत्र दिसंबर 2025 से पूरी तरह बंद था और इसे सिर्फ. दो दिन पहले ही दोबारा खोला गया था।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कतर के गृह मंत्रालय के एक शुरूआती बयान में कहा गया था कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और न ही किसी तरह का खतरनाक रिसाव पाया गया। बाद की रिपोर्टों में 54 लोगों के घायल होने और 18 अन्य के लापता होने की बात कही गई थी। अधिकारियों ने यह भी कहा था कि फिलहाल, किसी गैस रिसाव या बड़े पर्यावरणीय खतरे के संकेत नहीं मिले हैं।

रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी कतर के दोहा से लगभग 80 किलोमीटर उत्तर में ऊर्जा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां एलएनजी और पेट्रोकेमिकल उत्पादन से जुड़ी कई बड़ी इकाइयां स्थित हैं। इसी वजह से इस घटना को लेकर सुरक्षा एजेंसियां विशेष सतर्कता बरत रही हैं।

**एक टीवी चैनल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए प्रधानमंत्री**

# केंद्र में रहते हुए 12 वर्षों में निराशा को आशा में बदला : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि काम करने वाले सक्षम व्यक्ति से ही अपेक्षाएं की जाती हैं और आमजन ही नहीं बल्कि कांग्रेस भी उनसे ही कार्य पूरा करने की अपेक्षा करती है। उन्होंने कहा कि आज देश के युवाओं, गरीबों तथा मध्यम वर्ग में अपेक्षाएं पूरी होने का विश्वास दिखाई देता है।

एक टीवी चैनल की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आज कहा कि उनकी सरकार ने 12 वर्षों में निराशा को आशा में बदला है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में सरकार के हर निर्णय और प्रयास के केंद्र में राष्ट्र प्रथम की भावना रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत किसी क्षणिक घटना पर प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं है बल्कि विकास और चुनौतियों दोनों का अनुभव रखने वाली प्राचीन सभ्यता है। उन्होंने कहा कि भारत के पास युगों का अनुभव है और आज जो निर्णय लिए जा रहे हैं, वे आने वाले एक हजार वर्षों के भविष्य की दिशा तय करेंगे। उन्होंने इसे दुनिया के लिए भारत की सबसे बड़ी गारंटी बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज केवल तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ही नहीं बल्कि एक विश्वसनीय अर्थव्यवस्था भी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान विश्व नेताओं से हुई बातचीत में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि भारत के लिए ह्यनेशन फर्स्टह्ल सबसे बड़ा मंत्र और सिद्धांत है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, मेक इन इंडिया, खादी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसी पहलें इसलिए सफल हुईं क्योंकि देशवासियों ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। उन्होंने इन अभियानों में योगदान देने वाले नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनभागीदारी ही इन सफलताओं की सबसे बड़ी शक्ति रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक आदिवासी क्षेत्र माओवादी हिंसा से प्रभावित रहे, जिसके कारण वहां विकास और बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंच सकीं। उन्होंने बताया कि 2004 से 2014 के बीच माओवादी हिंसा की 17 हजार से अधिक घटनाएं हुईं और सात हजार से ज्यादा लोगों की जान गई। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ सरकार ने स्थिति बदलने का प्रयास किया और आज माओवादी आतंक अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका है। मोदी ने कहा कि देश के 100 से अधिक जिलों और 500 से अधिक विकासखंडों को वर्षों तक पिछड़ा क्षेत्र माना जाता था। सरकार ने इन क्षेत्रों को ह्यपिछड़ेह्ल के बजाय ह्यआकांक्षी जिलेह्ल और ह्यआकांक्षी ब्लॉकह्ल का नाम दिया तथा विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि आज यही क्षेत्र राज्यों की विकास यात्रा को गति दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और इसमें आकांक्षी जिलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में विकास, बुनियादी सुविधाओं और अवसरों के विस्तार ने लोगों में नई उम्मीद और आत्मविश्वास पैदा किया है, जो विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव बन रहा है।

# मुहर्रम पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें : पुलिस इंस्पेक्टर



बंशीधर न्यूज

**रमना :** मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सोमवार को थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस निरीक्षक जितेन्द्र कुमार आजाद ने कहा कि मुहर्रम पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, निर्धारित रूट का पालन करना सभी ताजिया कमेटी के लिये अनिवार्य होगा। जुलूस के दौरान लाईसेंस अपने साथ रखना आवश्यक है। ताजिया की ऊंचाई संतुलित रखें ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। पुलिस निरीक्षक ने कहा कि शाम होते ही असामाजिक तत्व उपद्रव की कोशिश कर सकते है, ऐसे में सभी ताजिया कमेटी के लोग प्रकाश की समुचित व्यवस्था अपने साथ रखेंगे। उन्होंने कहा सभी बड़े जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जायेगी। उन्होंने किसी भी अफवाह एवं भ्रामक खबरों की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। बीडीओ विकास पांडेय ने सरकार की ओर से जारी दिशा-निदेशों का अनुपालन करते हुये त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने ताजिया रुट एवं मिलनी स्थल की लिखित सूचना दो दिन पहले तक थाना में जमा करने की बात कही। कार्यक्रम को मंसूर अंसारी, विशेश्वर मेहता, मुखिया अजीत पांडेय, शैलेन्द्र कुमार सिंह, वीरेंद्र बैठा, गुलाम अली अंसारी, मनौऊर अंसारी, कमालुद्दीन अंसारी, शौकत अंसारी सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर सभी 11 पंचायतों के ताजिया कमेटी के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### ब्राउन शुगर के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची में लगातार प्रशासन की ओर से एंटी ड्रग्स अभियान चलाया जा रहा। इसी कड़ी में पुलिस ने 13 पुड़िया ब्राउन शुगर साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी पारस राणा ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची के हिन्दपीढ़ी, सुखदेवनगर और कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर ब्राउन शुगर की अवैध खरीद-बिक्री की जा रही है। वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची, पुलिस अधीक्षक नगर, रांची और सहायक पुलिस अधीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी की ओर से सूचना के आधार पर मारवाड़ी कॉलेज के समीप छोटा तालाब के पास एक अर्द्धनिर्मित मकान से दो आरोपितों मो एहतेशाम और मो शहादत को ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में दोनों आरोपितों के पास से कुल 13 पुड़िया ब्राउन शुगर जिसका वजन कुल 1.29 ग्राम, 8020 रुपये नकद बरामद किया गया है। वहीं, सुखदेवनगर थाना अंतर्गत मुड़ला पहाड़ हेहल के पास से दो आरोपित जितेन्द्र कुमार सिंह और राहुल कुमार यादव को ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से कुल 18.6 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। साथ ही आगे की कार्रवाई करते हुए कोतवाली थाना अंतर्गत जेपीएससी कार्यालय के बगल से राजकुमार पुराण को 08 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया।

## सियासत ▶ राजनीतिक अखाड़ा बना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म

# रास चुनाव के बाद चल रहे शब्दों के तीखे तीर

नीलू चौबे

**श्री बंशीधर नगर :** झारखंड राज्यसभा चुनाव के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म राजनीतिक अखाड़ा बन गया है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही एवं जेएलकेएम सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो के बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शब्दों के तीखे तीर चल रहे हैं। इसकी शुरूआत भानू प्रताप शाही की एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर हुई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर राज्यसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी को वोट देने के लिये छह विधायकों को धन्यवाद दिया था। साथ ही उनके साथ चुनाव में टिकट दिलाने समेत किये गये सभी वायदों को पूरा किये जाने की बात कही थी। इस दौरान उन्होंने डुमरी के





विधायक जयराम महतो का भी नाम लिया था। इसके बाद डुमरी विधायक जयराम महतो भड़क उठे और उन्होंने भी सोशल मीडिया में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये भानू प्रताप को नसीहत दे डाली। उन्होंने भानू प्रताप शाही को सलाह देते हुये कहा था कि भानू जी बेतुका बयान न दें, वे वर्तमान में विधायक नहीं हैं और उन्हें किसी विधायक के मतदान अधिकार अथवा निर्णय पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। वे अपने बयान से कॉमेडियन बनते जा रहे हैं। उन्हें सोचना चाहिये कि वे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व कई बार के विधायक रह चुके हैं, उसके बाद भी वे बेतुका बयान दे रहे हैं, उन्हें बयान देने से पहले सोचना चाहिये। उन्होंने कहा कि वे संविधान के तहत मिले अधिकार के तहत अपना मतदान किये है। भानू जी को ऐसे बयान देने से बचना चाहिये। जयराम महतो के पोस्ट के बाद भानू प्रताप शाही ने पलटवार करते हुये अपने सोशल मीडिया में लिखा की हमने जो 25 साल पहले किया उसको आज कर के लोग क्रांतिकारी बन रहे हैं। उस समय सोशल मीडिया नहीं था भाई। पोस्ट के साथ उन्होंने अपने पुराने आंदोलन की तस्वीर भी साझा की है। राजनीतिक हलकों में इस पोस्ट को जयराम महतो पर अप्रत्यक्ष पलटवार के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि भानू प्रताप ने अपने पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया है। दरअसल हाल ही में हुये राज्यसभा चुनाव में एनडीए समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी की जीत के बाद भानू प्रताप शाही ने एक वीडियो जारी कर एनडीए के घटक दलों के साथ-साथ उन विधायकों का भी आभार व्यक्त किया था, जिन्होंने कथित रूप से क्रॉस वोटिंग कर नाथवानी का समर्थन किया था। जयराम महतो की प्रतिक्रिया के बाद भानू प्रताप शाही की नई पोस्ट सामने आने से राजनीतिक चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। उधर दोनों नेताओं के समर्थक भी सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। फेसबुक, व्हाट्सएप और अन्य प्लेटफॉर्म पर दोनों पक्षों के समर्थक एक-दूसरे के समर्थन और विरोध में लगातार पोस्ट और टिप्पणियां कर रहे हैं। इससे राजनीतिक बहस और तेज हो गई है। फिलहाल जयराम महतो की ओर से भानू प्रताप की नई पोस्ट पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।हालांकि राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा है कि राज्यसभा चुनाव से शुरू हुई यह सियासी तकरार आने वाले दिनों में और भी रोचक मोड़ ले सकती है।

## ऑटो से लूटकांड का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र से पुलिस ने ऑटो रोककर लूटपाट करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटे गए चांदी के जेवरात, मोबाइल फोन और घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 20 जून को धुर्वा के सेक्टर-1 स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप रहने वाले श्याम सुंदर कुमार ने अज्ञात अपराधियों




के खिलाफ ऑटो रोककर लूटपाट करने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन रांची के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (नगर) पारस राणा और पुलिस उपाधीक्षक (हटिया) नीरज कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि घटना में शामिल दो अपराधी डोरंडा थाना क्षेत्र के लाइन मुहल्ला में छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मोहम्मद नाविद राजा के घर पर छापेमारी की, जहां एक कमरे में मोहम्मद नाविद राजा और अरमान अंसारी उर्फ अरमान छिपे मिले। तलाशी के दौरान अरमान अंसारी के पास से एक इनफिनिक्स कंपनी का मोबाइल फोन और घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि मोबाइल चोरी का है और चाकू का इस्तेमाल इसी वारदात में किया गया था।

## मोहर्रम श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुविधा निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता



**रांची।** आगामी मोहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर रांची नगर निगम सभागार में अपर नगर आयुक्त संजय कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को विभिन्न अखाड़ा समितियों, सेंट्रल मोहर्रम कमिटी और शांति समिति के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में संजय कुमार ने कहा कि मोहर्रम को लेकर रांची नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है और सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जाएंगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में निगम अधिकारियों को जुलूस मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाने, जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम को सक्रिय रखने, खराब पड़ी पथ बत्तियों की मरम्मत कराने और सूखी एवं लटकती पेड़ों की टहनियों की छंटाई कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा आवश्यकता अनुसार पेयजल टैंकर, चलंत शौचालय और सिटी बस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके साथ ही बैठक में अखाड़ा समितियों एवं मोहर्रम कमिटी के प्रतिनिधियों ने जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, पथ प्रकाश, चलंत शौचालय, स्टोन डस्ट की उपलब्धता और सिटी बस संचालन सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं की मांग रखी। प्रतिनिधियों ने पर्व के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में निगम के पदाधिकारी, स्वच्छता शाखा के कर्मी, सेंट्रल मोहर्रम कमिटी, विभिन्न अखाड़ा समितियों एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री सम्राट से मिले झारखंड के वित्त मंत्री, दोनों राज्यों की आर्थिक स्थिति पर हुई चर्चा



**रांची।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच बिहार और झारखंड के वित्तीय प्रबंधन को लेकर चर्चा हुई। राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि उन्होंने बिहार के बंटवारे के बाद राज्य सरकार की ओर से किए गए वित्तीय प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर उन्होंने झारखंड के वित्तीय प्रबंधन की भी जानकारी साझा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए झारखंड का सकल बजट 1 लाख 56 हजार 560 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में बिहार राज्य का कुल बजट लगभग 3 लाख 50 हजार करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के वित्तीय अनुभवों और विकास से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

## डीजीपी से मिलीं विदेश सेवा की अधिकारी मनीता, कई विषयों पर की चर्चा



**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में सोमवार को भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी मनीता के ने पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा से शिष्टाचार मुलाकात की। पुलिस मुख्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान प्रशासनिक विषयों, समसामयिक मुद्दों और जनहित से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। दोनों अधिकारियों के बीच शासन-प्रशासन से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें आपसी समन्वय और विभिन्न सार्वजनिक हित के मुद्दों पर भी बातचीत की गई। पुलिस मुख्यालय की ओर से इसे औपचारिक शिष्टाचार भेंट बताया गया है। मुलाकात के दौरान दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्रों से जुड़े अनुभवों का भी आदान-प्रदान किया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनायीं, कहा

# आदिवासी विरासत को मिल रही नई पहचान

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान और उनके विकास के लिए केन्द्र सरकार की पहल का खूब बखान किया। आदित्य साहू ने सोमवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ओडिशा के मयूरभंज जिला अंतर्गत पाहाड़पुर गांव स्थित संथाली जाहेर और हो जाहेर स्थल में पूजा अर्चना कर इन स्थलों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने का काम किया है। प्रधानमंत्री का यह कदम भारत की जनजातीय जड़ों, सदियों पुरानी परंपराओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति उनके गहरे सम्मान को भी दशार्ता है। आदित्य ने कहा कि संथाल और हो समुदायों के लिए जाहेर स्थल सदियों पुरानी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रतीक हैं। आदिवासी समाज में मांझी थान और जाहेर थान स्थलों का महत्व केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक भी है। संथाल और हो समुदायों के लिए यह स्थल सामुदायिक जीवन का आध्यात्मिक केंद्र होता है। इनकी जीवन पद्धति इसी के इर्द गिर्द केंद्रित होती हैं। इनके सारे



मांगलिक कार्य यहीं से संपन्न होते हैं। उन्होंने ने कहा कि भाजपा और नरेन्द्र मोदी जनजातीय समाज के उत्थान और इनकी सांस्कृतिक विरासत को संयोजने को लेकर सदैव तत्पर रहे हैं। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना, आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित संग्रहालयों की स्थापना तथा विभिन्न जनजातीय नायकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना इसी क्रम का हिस्सा है। द्रौपदी मुर्मू का भारत की पहली आदिवासी राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचन होना असाधारण उपलब्धि है। आजादी के 75 वर्षों बाद पहली बार किसी आदिवासी महिला का देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचना करोड़ों आदिवासियों के लिए गौरव का विषय बना। अब झारखंड आंदोलन के प्रमुख चेहरा रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्मभूषण से सम्मानित किया जाना भी इसी व्यापक प्रक्रिया का विस्तार है, जिसके तहत आदिवासी नेतृत्व और उनके योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार आदिवासी समुदायों को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाने की दिशा में प्रयासरत है। आदिवासियों के आस्था स्थल पर माथा टेककर प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया कि आदिवासी समाज केवल विकास योजनाओं के लाभार्थी नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत के महत्वपूर्ण वाहक हैं।

# सीएचसी में सुविधाओं के विस्तार को लेकर प्रभारी चिकित्सक ने डीसी से की मुलाकात



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंका के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने डीसी पशुपति नाथ मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं के विस्तार एवं आधारभूत संरचना को मजबूत करने से संबंधित मांग पत्र भी सौंपा। जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह डीसी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंका का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, सुव्यवस्थित व्यवस्था एवं बेहतर रख-रखाव को देखकर डीसी काफी प्रभावित हुये थे। उसी क्रम में उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अपने कार्यालय में मिलने के लिये आमंत्रित किया था। मुलाकात के दौरान डॉ असजद अंसारी ने अस्पताल की मूलभूत आवश्यकताओं एवं विकास कार्यों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मांगों को डीसी के समक्ष रखा। मांग पत्र में चिकित्सालय के लिये डिजिटल एक्स-रे मशीन एवं डेंटल चेयर उपलब्ध कराने, अस्पताल परिसर की सुरक्षा के लिये बाउंड्री वॉल निर्माण तथा पुराने एवं जर्जर अस्पताल भवन के जीर्णोद्धार की मांग प्रमुख रूप से शामिल थी। वार्ता के क्रम में डीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंका में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अस्पताल परिसर की स्वच्छता एवं व्यवस्थित संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत किया जायेगा। डीसी ने मांग पत्र पर सकारात्मक एवं त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुये कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अस्पताल के विकास से संबंधित प्रस्तावों पर आवश्यक पहल करने की बात कही।

## न्यूज अपडेट्स

### वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत

**मेराल :** थाना क्षेत्र के बिकताम गांव में सोमवार को करीब दो बजे हल्की बारिश के दौरान हुई वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान ममता कुंअर (50 वर्ष) पति स्वर्गीय देवबंश महतो, निवासी बिकताम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि ममता अपने घर के समीप स्थित खेत में कृषि कार्य कर रही थीं। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और हल्की वर्षा के साथ वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में वह आ गईं। वज्रपात इतना तेज था कि महिला गंभीर रूप से झुलस गई और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन एवं ग्रामीण उन्हें तत्काल इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची मेराल थाने की पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुये शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आपदा राहत योजना के तहत उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम एवं वज्रपात के दौरान खुले स्थानों और खेतों में काम करने से बचने की अपील की है।

## पलामू

## निर्माण कार्यों की होगी नियमित मॉनिटरिंग : डीसी

# गुणवत्ता से समझौता नहीं

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जिले में संचालित विकास योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा सभी योजनाओं की नियमित जांच एवं मॉनिटरिंग की जाएगी। डीसी ने सोमवार को समाहरणालय में तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंताओं के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जल पथ प्रमंडल की दोनों पाइपलाइन योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए। निमार्णाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा के दौरान कई स्थानों पर कार्य प्रारंभ नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को संवेदकों के साथ समन्वय स्थापित कर अविलंब कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं तकनीकी मापदंडों के अनुरूप हों। अभियंताओं को सामग्री की गुणवत्ता एवं निर्धारित अनुपात का विशेष ध्यान रखने का निर्देश देते हुए उन्होंने परियोजनाओं में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में डीडीसी सादात अनवर, सहायक समाहर्ता ऋत्विक मेहता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## दिव्यांग दंपति से मिले डीसी, हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा



**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय परिसर में रेहला क्षेत्र के केतात कला निवासी दिव्यांग दंपति प्रमोद कुमार साव एवं उनकी धर्मपत्नी सरिता देवी से मुलाकात की। इस दौरान दंपति ने अपनी दैनिक आवाजाही एवं आवश्यक कार्यों के निष्पादन में हो रही कठिनाइयों से अवगत कराते हुए बैटरी संचालित स्कूटी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। डीसी ने दंपति की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना व हरसंभव सहयोग का भरोसा देते हुए डीएसडब्ल्यूओ को आवश्यक पहल करने एवं नियमानुसार उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं उनकी आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील है तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। समाज के सभी वर्गों को सम्मानजनक एवं सुगम जीवन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## शांति समिति की बैठक : शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम जुलूस निकालने का निर्णय

बंशीधर न्यूज



**विश्रामपुर :** मोहर्रम पर्व को लेकर विश्रामपुर थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार दुबे और संचालन राजन पांडेय ने किया। बैठक में मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्द पूर्ण वातावरण में निकालने का निर्णय लिया गया। एसडीपीओ चिरंजीव मंडल ने कहा कि पर्व मिल जुलकर मनाने से पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। इसलिये सभी लोग मिलजुलकर भाईचारगी के बीच मोहर्रम का जुलूस निकालें। बीडीओ राजीव सिंह ने मोहर्रम पर्व के दौरान अमन शांति कायम रखने में सभी से सहयोग करने का अनुरोध किया। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार दुबे ने कहा कि पुलिस शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। जुलूस के दौरान शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील किया कि किसी भी अफवाह में नहीं पड़ें। कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें ताकि समय रहते उचित कानूनी कदम उठाया जा सके। बैठक में पुलिस निरीक्षक रामशीष पासवान, एसआई शैलभ कुमार, नौगढा ओपी प्रभारी सुशील उरांव, एएसआई बलराम दास, ठाकुर दास महतो, रामचंद्र यादव, समाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, बिहारी लाल गुप्ता, देवनारायण सिंह सहित दोनों समुदाय के काफी लोग मौजूद थे।

## आयुक्त के सचिव श्री विजय वर्मा ने सौंपा प्रभार



**मेदिनीनगर :** प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय की उपस्थिति में आज आयुक्त के सचिव विजय वर्मा ने अपने पद का प्रभार विधिवत रोहित सिन्हा को सौंपा। मौके पर आयुक्त ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विभाग से संबंधित कार्यों के सुचारू संचालन तथा आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया। आयुक्त ने नवपदस्थ रोहित सिन्हा को विभागीय दायित्वों का निर्वहन पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ करने का निर्देश दिया। इस दौरान अधिकारियों ने श्री विजय वर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत, एक गंभीर



**रमना :** सोमवार को हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओ में एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमना सीएचओ द्वारा करने के बजाय सदर हॉस्पिटल गढ़वा रेफर कर दिया गया। पहली घटना रमना सोनेहारा निर्माणधीन मुख्य सड़क पर भागोडीह पंचायत के चुंदी गांव में हुई। जिसमे बाईक सवार दो युवकों में चालक बिनोद राम का 22 वर्षीय पुत्र मरांडी कुमार बनखेता टोला चुंदी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं टंडवा पंचायत के यमुना राम का पुत्र मकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सुचना मिलने पर पुलिस ने अपनी वाहन से घायल मुकेश कुमार को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वही मृतक मरांडी कुमार को पोस्टमॉर्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया। प्रत्यक्षदशीयों नें बताया कि उक्त युवक झुरहा तरफ से आ रहा था, दुकान से पीछे पुलिया के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर पुल से निचे गिर गई। जिसमे एक कि मौत वही हो गई और एक घायल हो गया। दोनों युवक आपस में मामा भांजा थे, जो गत रात्री शादी समारोह में ढ़ोल बाजा भी बजाये थे। सिलीदाग पंचायत में बाईक असंतुलित होकर अरविन्द सिंह गिर गये, जिन्हे चेहरे में गंभीर चोट लगी। परिजनों नें निजी चिकित्सालय में ईलाज कराया।

## किसी भी योग्य मतदाता का नाम हटे नहीं, इसके लिये प्रयासरत है झामुमो : मिथिलेश ठाकुर

# 30 को एक्सपर्ट के साथ होगा प्रशिक्षण

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** झामुमो जिला कमेटी की बैठक सोमवार को पूर्व मंत्री व झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर आयोजित की गई।जिलाध्यक्ष शंभू राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यकताओं को एसआईआर में किसी भी योग्य मतदाता का नाम नहीं हटे इसके लिये टिप्स दिया गया। साथ ही उन्हें मतदाताओं को इसके लिये जागरूक करने का निर्देश दिया गया। इसके लिये 30 जून को रांची से आ रहे झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय एवं अन्य एक्सपर्ट के साथ गढ़वा टाउन हॉल में बीएलए एवं झामुमो कार्यकताओं के लिये प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर इन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा। ताकि छोटी-छोटी गलतियों के लिये किसी का भी नाम मतदाता का नाम सूची से नहीं हटे। मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि बिहार, बंगाल व आसाम में छोटे छोटे कारणों से काफी संख्या में मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से काट दिया गया। इस तरह की पुनरावृति झारखंड में न हो इसके लिये झामुमो पूरे राज्य में अभियान चला रही है। इसके लिये 30 जून को गढ़वा में एक्सपर्ट के साथ सभी बीएलओ एवं झामुमो कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता क्षेत्र में घूम घूम कर मतदाताओं को जागरूक करेंगे। ताकि छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटे। श्री ठाकुर ने कह कि भाजपा की साजिश है कि भाजपा को वोट नहीं करने वाले अधिक से अधिक मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से काट दिया जाय। इसी उद्देश्य को लेकर भाजपा कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की इस साजिश को हम झारखंड में कामयाब नहीं होने देंगे। श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा हर स्तर पर जनता के साथ छल कर रही है। भाजपा की इस साजिश को नाकाम करने के लिये झामुमो की ओर से पूरे राज्य में अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी कार्यकताओं को निर्देशित करते हुये कहा कि वे पूरे क्षेत्र में घूम घूम कर मतदाताओं को जागरूक करें। किसी भी परिस्थिति में योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटे इसके लिये कार्य करें। भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि जिले भर के सभी कार्यकर्ता मिल कर इस अभियान को सफल बनाएं। जिले भर के सभी योग्य मतदाताओं का नाम निश्चित रूप से मतदाता सूची में शामिल हो इसी सोच के साथ समर्पित होकर कार्य करें। इस दौरान झामुमो जिला अध्यक्ष शंभू राम, सचिन शरीफ अंसारी आदि ने भी विचार व्यक्त किया। बैठक में मो ताहिर अंसारी, तनवीर आलम खान, मनोज ठाकुर, शंभु चन्द्रवंशी, नितेश सिंह, धीरज दुबे, राजकिशोर यादव, धर्मराज पासवान, चंदन जायसवाल, आशीष अग्रवाल, सुजीत चंद्रवंशी, वसीम खान, फुजैल अहमद, सूर्यप्रकाश उर्फ सुडू, राजेश बैठा, कामेश्वर चौधरी, अरविंद यादव, जैनुल्लाह अंसारी, मनोज तिवारी, सुनील कुमार गौतम, सलीम जाफर, अहमद रजा, नीलू खान, फखरे आलम खान, मुक्तेश्वर पाण्डेय, बाबर खान, वंशीधर यादव, आनंद पाण्डेय, खुशमुद्दीन खां एवं बीएलओ सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रांची-सासाराम इंटरसिटी सहित कई ट्रेनें रद्द, कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट




बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने धनबाद मंडल के सीपीडीआर-बरवाडीह-महुआमिलान रेलखंड में तीसरी अप लाइन के कमीशनिंग कार्य के लिए 23 जून से 27 जून 2026 तक नॉन-इंटरलॉकिंग (एनआई) कार्य किए जाने की घोषणा की है। इसके चलते कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कई लंबी दूरी की ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। रेलवे की ओर से मिली जानकारी के अनुसार प्री-नॉन इंटरलॉकिंग कार्य 17 जून से 22 जून तक तथा नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य 23 जून से 27 जून तक चलेगा। इस दौरान पलामू और आसपास के क्षेत्रों के रेल यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। सबसे अधिक असर दैनिक यात्रियों पर पड़ेगा, क्योंकि रांची-सासाराम एक्सप्रेस अप/डाउन को 23, 24, 25, 26 और 27 जून 2026 को रद्द कर दिया गया है। यह ट्रेन पलामू, गढ़वा और रोहतास जिले के यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क साधन मानी जाती है। इसके अलावा बरकाकाना-डेहरी ऑन सोन, बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन, बरवाडीह-चोपन, गोमो-बरवाडीह तथा डेहरी ऑन सोन-बरवाडीह सहित कई पैसेंजर और मेमू ट्रेनों का परिचालन भी निर्धारित तिथियों में रद्द रहेगा। वहीं, हटिया-नई दिल्ली, रांची-नई दिल्ली, आनंद विहार-हटिया, हावड़ा-जबलपुर, टाटा-जम्मूतवी और धनबाद-भोपाल सहित कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा। रेलवे ने 23 जून से 27 जून तक बरवाडीह स्टेशन पर कुछ ट्रेनों के अस्थायी ठहराव को भी वापस लेने का निर्णय लिया है। इस अवधि में यात्रियों को डाल्टनगंज अथवा महुआमिलान स्टेशन का उपयोग करने की सलाह दी गई है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट, एनटीईएस ऐप, हेल्पलाइन नंबर 139 अथवा संबंधित स्टेशन से प्राप्त करने की अपील की है। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली, सूचना पट, एसएमएस और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## न्यूज अपडेट्स

### सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा त्वरित न्याय और मुआवजा

**चिनियां :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देश पर चिनिया पंचायत भवन परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना पीड़ितों को उपलब्ध कानूनी सहायता एवं सड़क दुर्घटना पीड़ित सहायता योजना 2024 की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी सुधीर कुमार चौबे ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि दुर्घटना पीड़ितों एवं उनके आश्रितों को निःशुल्क कानूनी सहायता, वकील तथा कानूनी सलाह उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि पीड़ितों को दावा दायर करने से लेकर उचित मुआवजा दिलाने तक हर स्तर पर सहायता दी जाती है। उन्होंने गोल्डन आवर की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये कहा कि दुर्घटना के तुरंत बाद त्वरित उपचार मिलने से कई जानें बचाई जा सकती हैं। साथ ही अस्पतालों द्वारा आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के अधिकार और पुलिस केस व अभियोजन प्रक्रिया में कानूनी सहयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। पीएलवी कलामुद्दीन अंसारी, दिलीप सिंह एवं राम प्रताप सिंह ने भी अपने विचार साझा करते हुये कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। मौके पर पीएलवी मदनदीप यादव सहित जेएसएलपीएस की महिला समूह की सदस्याएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**भाजपा** — मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर सांसद वीडी राम ने चलाया जनसंपर्क अभियान

# प्रबुद्धजनों को किया सम्मानित

### विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सांसद विष्णु दयाल राम ने सोमवार को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उन्हें पौधा एवं भाजपा का पत्रक भेंट कर सम्मानित किया तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। सांसद ने आचार्य श्रीकांत मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र चौबे, समाजसेवी बेचन उरांव, शंभूनाथ शुक्ला, रिटायर्ड चिकित्सक डॉ. सिद्धनाथ, नामधारी कॉलेज के रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉ. धर्मचंद लाल अग्रवाल, बीएचयू के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. शुक्ला प्रसाद और भाजपा के वरिष्ठ रघुराज पांडेय से मुलाकात की और पौधा व भाजपा का पत्रक भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय पाल्हे कला विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया तथा आशुतोष महादेव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने अमृत योजना के तहत बभनी खांड डैम के जीर्णोद्धार कार्य, एनएच-39 फोरलेन परियोजना, अमृत भारत योजना के अंतर्गत नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य, श्री बंशीधर नगर-गरबांध पीडब्ल्यूडी सड़क, श्री बंशीधर नगर-धुरकी सीआरआईएफ पथ तथा अधौरा स्थित सोन-कनहर पाइपलाइन परियोजना का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रखंड कार्यालय नगर ऊंटारी में सांसद प्रतिनिधि कार्यालय का उदघाटन एवं निरीक्षण किया।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की

सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। इस अवधि में देश ने आर्थिक सशक्तिकरण, गरीब कल्याण तथा आधारभूत संरचना के विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ निरंतर देश की सेवा कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत और निःशुल्क राशन जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है तथा उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं, वहीं संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर उन्हें राजनीतिक भागीदारी का नया अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि यूपीआई के माध्यम से देश में डिजिटल क्रांति आई है और भारत विश्व की सबसे तेजी से विकसित होती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्गों, रेलवे, हवाई अड्डों और डिजिटल नेटवर्क के विस्तार से देश की कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई गति मिली है। उस अवसर पर ईश्वरी पांडेय, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि मथुरा पासवान, इन्द्रमणि जायसवाल, राजेन्द्र यादव, अवध बिहारी प्रसाद, अलख निरंजन प्रसाद, विनय चौबे, सुखलेश राय, अविनाश कुमार निजी सचिव अलख दूबे समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो मुझसे बुरा कोई नहीं होगा : सांसद वीडी राम



**श्री बंशीधर नगर :** सांसद विष्णु दयाल राम ने निर्माणाधीन श्री बंशीधर नगर-गरबांध पीडब्लूडी रोड़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर दौरान सड़क निर्माण की गति और गुणवत्ता को लेकर गहरा क्षोभ व्यक्त किया। उन्होंने श्री बंशीधर नगर शहर के पुराने बैल बाजार में निमार्णाधीन पुलिया के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त करते हुए वहां मौजूद संवेदक के मुंशी को दो टूक शब्दों में कहा कि कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो मुझसे बुरा कोई नहीं होगा। पेमेंट के लिए रोना पड़ेगा। दिशा की बैठक में स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव ने इस सड़क के निर्माण में गड़बड़ी का मामला उठाया है, दिशा के अध्यक्ष होने के नाते कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों की निगरानी मेरी जिम्मेदारी है। गरबांध में राजा तालाब के पास निर्मित पुलिया के निरीक्षण के दौरान फाउंडेशन की ढलाई की जांच की, उक्त ढलाई कार्य प्राक्कलन में वर्णित मानक के अनुरूप नहीं होने पर क्षोभ व्यक्त किया। उस दौरान वहां बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने भी सांसद श्री राम से उक्त सड़क निर्माण में भारी गड़बड़ी की शिकायत की। उनलोगों ने सांसद से स्टीमेट के आधार पर निर्माण कराने की मांग की।

## बाल विवाह रोकने में समाज की भागीदारी जरूरी : सचिव



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में गढ़वा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन कोरवाडीह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह पर रोकथाम, कानूनी जागरूकता एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा की सचिव निभा रंजना लकड़ा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि बेटियों को बोझ नहीं समझना चाहिये। उन्हें शिक्षित बनाकर 18 वर्ष की आयु के बाद ही विवाह करना चाहिये। जबकि लड़कों की शादी 21 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद ही होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि कम उम्र में विवाह होने से बच्चों का भविष्य प्रभावित होता है तथा बाल विवाह रोकने में समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। एलएडीसीएस की डिप्टी चीफ अनीता रंजन ने कुम्हार द्वारा बनाये गये कच्चे और पक्के घड़े का उदाहरण देते हुये बाल विवाह के दुष्परिणामों को सरल तरीके से समझाया। वहीं एलएडीसीएस सदस्य सुधीर तिवारी ने कहा कि देश संविधान से चलता है और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें। पीएलवी कृष्णानंद दुबे, यशवंत मिश्रा ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर पंचायत सचिव विनोद गुप्ता, पीएलवी विकास कुमार गौतम, रोशन आरा, पंचायत के उपमुखिया, जनप्रतिनिधि सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्थायी लोक अदालत को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में प्रखंड कार्यालय सभागार गढ़वा में स्थायी लोक अदालत को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुये और स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली एवं लाभों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष ने लोक उपयोगिता सेवा के अंतर्गत वायु, जल, सड़क एवं रेल यातायात, मालवाहक सेवा सहित अन्य मामलों के निपटारे की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छोटे एवं सुलहनीय मामलों का त्वरित और सरल समाधान स्थायी लोक अदालत के माध्यम से किया जा सकता है। बीडीओ नरेंद्र नारायण ने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के लिये स्थायी लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की। सीओ ओम प्रियदर्शी गुप्ता ने कहा कि न्यायालय की लंबी प्रक्रिया से बचते हुये लोग आपसी समझौते के आधार पर स्थायी लोक अदालत में अपने विवादों का समाधान करा सकते हैं। स्थायी लोक अदालत के सदस्य मनोज कुमार द्विवेदी एवं तृप्ति ने बिजली, पानी, टेलीफोन, अस्पताल एवं औषधालय से संबंधित मामलों के सरल एवं निःशुल्क निष्पादन की जानकारी दी। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने कहा कि गरीब एवं अभावग्रस्त लोगों के लिये स्थायी लोक अदालत एक सुलभ और निःशुल्क वैकल्पिक मंच है। उन्होंने अनाथ बच्चों के लिये संचालित स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी देते हुये बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं बाल कल्याण समिति के माध्यम से पात्र बच्चों को प्रतिमाह चार हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। वहीं पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने लोक उपयोगिता सेवाओं से जुड़े विवादों के निःशुल्क समाधान की प्रक्रिया बताया। मौके पर काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

**गढ़वा जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा**

# डीसी ने दिये समयबद्ध पूर्णता के निर्देश

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय के सभागार में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों एवं तकनीकी पदाधिकारियों ने भाग लेकर योजनाओं की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक के दौरान डीएमएफटी, अनटाइड फंड, पीएचईडी, वेलफेयर फंड एवं एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट फंड समेत कई योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। डीसी ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति, वित्तीय व्यय, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा लंबित मामलों की जानकारी लेते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीसी श्री मिश्रा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ समय पर आम लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं की नियमित निगरानी करें तथा जिन योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को आवंटित राशि का समयबद्ध एवं नियमानुसार उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुये कहा कि वित्तीय एवं भौतिक प्रगति में संतुलन बनाये रखना आवश्यक है। साथ ही सभी कार्यपालक अभियंताओं को नियमित रूप से कार्यस्थलों का निरीक्षण कर वास्तविक प्रगति का आकलन करने एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अर्चना सिन्हा, जिला अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल संख्या-2, भवन प्रमंडल, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल गढ़वा एवं नगर ऊंटारी, जलपथ प्रमंडल, लघु सिंचाई प्रमंडल, अनुसंधान प्रमंडल, कधवन बांध प्रमंडल नगर ऊंटारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, जिला कौशल पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, पीपीआई फेलो ऋषिकेश रंजन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



## फिल्म 'बेबी डू डाई डू' का ट्रेलर रिलीज

अभिनेत्री हुमा कुरैशी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बेबी डू डाई डू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। रहस्य, थ्रिल और एक्शन से भरपूर इस फिल्म में हुमा एक बेहद अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाती नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन नचिकेत सामंत ने किया है, जबकि इसका निर्माण हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम ने अपने बैनर सलीम सिब्लिंग्स के तहत किया है। ट्रेलर रिलीज के साथ ही फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है। फिल्म में हुमा 'बेबी करमाकर' नाम की एक रहस्यमयी महिला कॉन्ट्रैक्ट किलर की भूमिका में हैं, जो मूक-बधिर होने के बावजूद बेहद खतरनाक और निडर है। ट्रेलर की शुरूआत देश की पहली महिला हिटवुमेन के परिचय से होती है। लाल छाते में छिपी बंदूक के सहारे अपने मिशन को अंजाम देने वाली बेबी करमाकर का अंदाज दर्शकों को रोमांचित करता है। ट्रेलर में हुमा का किरदार एक ओर रहस्यमयी दिखाई देता है तो दूसरी ओर उसकी मौजूदगी कहानी को और दिलचस्प बना देती है। फिल्म का ट्रेलर एक ऐसे संसार की झलक पेश करता है, जहां हर मोड़ पर रहस्य और खतरा मौजूद है। कहानी में अपराध, सस्पेंस और अप्रत्याशित घटनाओं का तड़का देखने को मिलेगा। ट्रेलर से संकेत मिलता है कि फिल्म सिर्फ एक कॉन्ट्रैक्ट किलर की कहानी नहीं, बल्कि उसके अतीत और मिशन से जुड़े कई रहस्यों को भी उजागर करेगी। फिल्म में हुमा कुरैशी के अलावा चंकी पांडे, सिकंदर खेर, सीमा पाहवा और रचित सिंह भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। इससे पहले फिल्म का टीजर और इसके गीत दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन चुके हैं। अब ट्रेलर ने फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ा दिया है। 'बेबी डू डाई डू' 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## आमिर खान ने गौरी स्प्रैट संग शादी पर की बात



बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ रिश्ते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था, जिसके बाद उनकी तीसरी शादी को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो गया। सोशल मीडिया पर यह कयास लगाए जा रहे थे कि अभिनेता भव्य समारोह में शादी करेंगे या फिर इसे निजी रखेंगे। अब आमिर ने स्वयं इन अटकलों पर विराम लगाते हुए अपनी शादी की योजनाओं का खुलासा किया है। एक बातचीत के दौरान आमिर ने बताया कि उनकी शादी बेहद निजी और सादगीपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि यह एक साधारण पंजीकृत विवाह होगा, जो घर पर ही आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में केवल दोनों परिवारों के सदस्य और कुछ करीबी मित्र ही शामिल होंगे। आमिर ने हैरानी जताते हुए कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि उनकी शादी को लेकर इतना शोर क्यों मच रहा है। उनका मानना है कि लोगों को उनकी फिल्मों और काम में अधिक दिलचस्पी लेनी चाहिए, न कि उनकी निजी जिंदगी में। आमिर ने गौरी स्प्रैट को अपनी जिंदगी का 'आशीर्वाद' बताते हुए कहा कि वह खुद को बेहद भाग्यशाली मानते हैं कि गौरी उनकी जिंदगी में आईं। अभिनेता के मुताबिक, गौरी के साथ उन्हें सुकून और स्थिरता का एहसास होता है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनकी पूर्व पत्नियों रीना दत्ता और किरण राव के साथ उनके रिश्ते गहरे और सम्मानजनक रहे, लेकिन वे रिश्ते लंबे समय तक नहीं चल सके। आमिर का कहना है कि अब उन्हें लगता है कि उनकी जिंदगी को एक नई दिशा मिल गई है। सूत्रों के अनुसार, आमिर खान और गौरी स्प्रैट 5 जुलाई को विवाह बंधन में बंध सकते हैं। हालांकि, समारोह को पूरी तरह निजी रखने की तैयारी की जा रही है। आमिर की इस घोषणा के बाद उनके प्रशंसकों और फिल्म जगत के लोगों की ओर से उन्हें शुभकामनाएं मिल रही हैं।

## लखनऊ पहुंचे राजनाथ सिंह ने घटनास्थल का लिया जायजा, ट्रामा सेंटर में भर्ती घायलों से भी मिले



# अवैध कब्जा व निर्माण का आरोप, शिकायत के बाद भी एफआईआर नहीं

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** प्रखंड के फरठिया मोड़ क्षेत्र में सड़क किनारे जमीन पर अवैध कब्जा, पक्का निर्माण और धमकी देने के गंभीर आरोप सामने आये हैं। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता रमेश कुमार दीपक ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं अंचल कार्यालय को आवेदन देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। आवेदक का आरोप है कि सर्वे सड़क (प्लॉट संख्या 1619) से सटी उनकी जमीन और मकान के बीच नाली निर्माण हेतु निर्धारित भूमि पर कुछ लोगों द्वारा पहले गुमटी एवं झोपड़ी लगाकर अवैध कब्जा किया गया था। उनका कहना है कि यह स्थान वर्षों से असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है, जहां गांजा एवं शराब की अवैध बिक्री होने की बात भी कही गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि भू-माफिया प्रवृत्ति के कुछ लोग स्थानीय पुलिस से मिलीभगत कर अब उसी स्थान पर पिछले पांच दिनों से तेज गति से पक्का निर्माण कार्य कर रहे हैं। विरोध करने पर आवेदक के साथ गाली-गलौज, मारपीट की कोशिश तथा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। घटना 21 जून की शाम लगभग 7 बजे की बताई गई है, जब एक पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में भी धमकी दिये जाने का दावा किया गया। आवेदन में यह भी कहा गया है कि बार-बार सीओ एवं डीसी को शिकायत देने के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। आवेदक ने आरोप लगाया कि कुछ लोग सरकारी एवं रैयती जमीन पर लंबे समय से कब्जा जमाये हुये हैं और पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। शिकायत में कुछ लोगों के नाम भी उल्लेखित किये गये हैं, जिन पर अवैध निर्माण एवं धमकी देने का आरोप लगाया गया है। आवेदक ने एसपी, एसडीओ एवं सीओ से मामले की जांच कर अवैध निर्माण रोकने, ढांचा हटाने तथा दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## अमेरिका ने ईरानी तेल पर प्रतिबंधों में दी 60 दिन की राहत, वार्ता के बाद बड़ा फैसला

**वॉशिंगटन/बुर्गेनस्टॉक (स्विट्जरलैंड)।** अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में जारी वार्ता के बीच एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक कदम उठाते हुए अमेरिका ने ईरानी तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों से संबंधित कुछ प्रतिबंधों में 60 दिनों की अस्थायी राहत देने की घोषणा की है। इस फैसले को दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत में सकारात्मक प्रगति के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अस्थायी सामान्य लाइसेंस के तहत ईरानी मूल के कच्चे तेल, पेट्रोलियम एवं पेट्रोकेमिकल उत्पादों के उत्पादन, आपूर्ति और बिक्री से जुड़ी कुछ गतिविधियों को सीमित अवधि के लिए अनुमति दी गई है। यह छूट अगस्त के अंत तक प्रभावी रहेगी। अमेरिकी प्रशासन के अनुसार, स्विट्जरलैंड में हुई वार्ता के दौरान ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय समुद्री यातायात को बाधित न करने का आश्वासन दिया है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय परमाणु निरीक्षण व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी सकारात्मक संकेत मिलने की बात कही जा रही है। इस बीच स्विट्जरलैंड में अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का दूसरा दौर भी जारी है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि दोनों देशों के बीच स्थायी समझौते की दिशा में प्रयास जारी हैं और अब तक की वार्ता में सकारात्मक प्रगति देखने को मिली है।

## बीएलओ व सुपरवाईजर का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**कांडी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी के निर्देश पर मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बीएलओ व सुपरवाईजर का दो दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को शुरू हुआ। बीडीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण में पहले दिन 41 बीएलओ व चार सुपरवाईजर हिस्सा लिये।बीपीआरओ अंजनी कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से दिये जा रहे इस प्रशिक्षण में एसआईआर को लेकर बीएलओ 30 जून से 29 जुलाई तक घर घर जाकर फॉर्म देंगे। साथ ही बीएलओ को जानकारी दिया गया कि पांच तरह के मतदाता जिसमें दोहरा पंजीकृत, मृत, सिफ्टेड, अनुपस्थित से फार्म वापस नहीं लेना है। बीडीओ ने कहा कि तय समय के अंदर सभी कार्य पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी योग्य मतदाता से रंगीन फोटोयुक्त आवेदन प्राप्त कर जांचोपरांत सभी आवेदन को ऑनलाईन करना है। साथ फार्म सुधार के लिये फार्म 8 भी प्राप्त करना है। मृत व सिफ्टेड मतदाता के लिये फार्म 7 प्राप्त करना है। बीडीओ ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 5 अगस्त को होगा। प्रशिक्षण में पर्यवेक्षक शाहिद अंसारी, नीतीश कुमार, प्रवीण पाण्डेय, यशवंत कुमार, बीएलओ प्रमिला देवी, जमशीदा बीबी सहित कई बीएलओ उपस्थित थे।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**श्री बंशीधर नगर :** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह ने की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के अधिकांश लोगों ने मोहर्रम जुलूस में डीजे के प्रयोग पर रोक लगाने की मांग करते हुये कहा कि मोहर्रम मातम और श्रद्धा का पर्व है, इसलिये डीजे बजाने से इसके मूल उद्देश्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह ने लोगों से सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाने तथा नशापान से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि डीजे का उपयोग न करना बेहतर होगा, क्योंकि इससे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि ताजिया जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। बीडीओ रौशन कुमार ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों से सतर्क रहने और ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किये जाने की चेतावनी दी। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल मिश्रा ने भी डीजे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुये इसके प्रयोग से बचने की सलाह दी। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष संध्या देवी, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, शैलेश चौबे, अमर पांडेय, प्रमोद कुमार, तौहीद खान, हजारी प्रसाद, मुकेश चौबे, मंटु चौबे, अमर राम, मुश्ताक अहमद शेख, प्रो महमूद आलम, राजकुमार राम, नूरे आलम, रामपवन गुप्ता, श्रीराम पासवान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भवनाथपुर में शांति समिति की बैठक, प्रशासन ने दिये कई आवश्यक निर्देश

# मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील



बंशीधर न्यूज

**भवनाथपुर :** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर भवनाथपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ नंदजी राम एवं सीओ शंभू राम ने संयुक्त रूप से की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा दोनों समुदायों के गणमान्य लोग शामिल हुये। बैठक में मोहर्रम के दौरान शांति, भाईचारा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि सभी लोग प्रशासन का सहयोग करते हुये पर्व को आपसी सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। सीओ शंभू राम ने कहा कि पर्व के दौरान प्रशासन के दिशा-निदेर्शों का पालन करें और किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचना दें। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि भवनाथपुर में वर्षों से सभी पर्व-त्योहार आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाने की परंपरा रही है। इस परंपरा को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी भ्रामक सूचना या अफवाह पर विश्वास न करें तथा ऐसी जानकारी मिलने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने ताजिया जुलूस के सभी लाइसेंसधारियों से लाइसेंस नवीनीकरण के लिए आवेदन के साथ ताजिया एवं सीपल जुलूस का रूट चार्ट उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही रूट में किसी प्रकार की समस्या होने पर समय रहते प्रशासन को अवगत कराने का निर्देश दिया, ताकि उसका सत्यापन कराया जा सके। बैठक का संचालन वरुण विहारी यादव ने किया। मौके पर एसआई परवेज आलम, मुखिया बेबी देवी, ब्रजेश सिंह, रामप्रताप यादव, अब्दुला अंसारी, अख्तर अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)